तृतीय सत्र, 2019
का प्रथम गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार,
## 14 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1941
## (दिनांक : 05 दिसम्बर, 2019)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद कण्डारी<br>25.11.2019 | ** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बन्दरों के बढ़ते आतंक और कृषि नुकसान को देखते हुए पर्वतीय क्षेत्रों के किसानों ने कृषि कार्य करना ही छोड़ दिया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि यह पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन का मुख्य कारण भी है ? यदि हां, तो सरकार बन्दरों के बढ़ते आतंक को देखते हुए बन्दर बाड़ा बनाकर उनको नियंत्रित करने की कोई योजना बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.11.2019 | ** क्या आयुष शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी आयुर्वेदिक कॉलेजों के छात्र–छात्रायें फीस वृद्धि के विरूद्ध लम्बे समय से आन्दोलनरत हैं ? क्या यह सत्य है कि निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक कॉलेजों द्वारा शुल्क में लगभग तीन गुना वृद्धि के अलावा डेवलपमेन्ट चार्ज एवं अन्य मदें जोड़कर वसूला जा रहा है ? क्या सरकार छात्रों से वसूला गया बढ़ा हुआ शुल्क छात्रों को लौटाने की कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आयुष शिक्षा |

## नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>05.08.2019 | *1. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग में हर वर्ष रिक्तियों के सापेक्ष नियुक्ति हेतु कोई नीति अथवा नियमावली है ? यदि हां, तो क्या इसका पालन किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.08.2019 | *2. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पंचायत भवन के निर्माण के मानक पूरे प्रदेश में एक समान हैं ? क्या प्रदेश की भौगोलिक स्थिति पर्वतीय व मैदानी भागों में बंटी होने के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में पंचायत भवनों के निर्माण को सरकार के मानकों के अनुरूप करवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो सरकार प्रदेश की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में पंचायत भवन की लागत व मानक तय करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री राजकुमार<br>06.08.2019 | *3. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 2019 में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा हैं ? यदि हां, तो इन खेलों का आयोजन किन–किन जिलों में किया जा रहा है ? क्या सरकार प्रदेश के युवाओं में खेल भावना को विकसित करने हेतु प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु कोई प्रयास कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.08.2019 | *4. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में माध्यमिक एवं बेसिक स्तर के विद्यालयों को वार्षिक खेल आयोजनों हेतु विभाग द्वारा धन आंवटित किया जाता है ? यदि हां, तो उसका पूर्ण विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्या विभाग इस धनराशि को बढ़ाने हेतु विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.08.2019 | *5. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूल विद्यालयों में छात्र संख्या मानकानुसार नहीं होने से विद्यालयों का समीपवर्ती विद्यालयों में समायोजन किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आतिथि तक कुल कितने विद्यालयों का समायोजन किया गया है तथा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में आतिथि तक कुल कितने प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूल विद्यालय बन्द किये गये हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार बन्द विद्यालयों की स्थायी परिसम्पत्ति के बारे में क्या कार्यवाही कर रही है ? क्या सरकार तत्सम्बन्धी पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.08.2019 | स्थगित<br>*6. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के सभी पर्वतीय जिलों के इण्टर कॉलेजों व विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, जिसके कारण वहां शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसके लिए कोई नीति बना कर शिक्षकों की उचित व्यवस्था कर शिक्षा के स्तर | शिक्षा |

को सुधारेगी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>07.08.2019 | *7. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें की राज्य से 18 से 35 आयु वर्ग के युवाओं की एक बड़ी संख्या को दृष्टिगत रखते हुए उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या कार्यक्रम व योजनायें चलाये जाने पर विचार किया जा रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य में युवा नीति बना ली गयी है ? यदि हां तो, वह क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.08.2019 | षष्ठम सोमवार के तारांकित 06 में स्थानांतरित<br>*8. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रथम चरण में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु जिन 250 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है, उन ग्राम पंचायतों को नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत आच्छादित किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री धन सिंह नेगी<br>09.08.2019 | *9. क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि राज्य में राज्य समेकित सहकारी विकास योजना प्रारम्भ की गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजना का प्रारूप क्या है? सहकारिता विभाग के लिए कौन–कौन सी योजनाएं चयनित की गयी हैं? उनकी कार्य अवधि कब तक है तथा इसके लिए कितना बजट प्राविधानित है? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री धन सिंह नेगी<br>13.08.2019 | *10. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम/मिनी स्टेडियम का निर्माण करती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत चम्बा, बादशाही थौल में मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए अभी तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>20.08.2019 | *11. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं ? यदि हां, तो उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? जनपद टिहरी गढ़वाल के कंगसाली में बिना मान्यता के संचालित विद्यालय के कारण 10 बच्चों की अकाल मृत्यु व कई बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गये ? सरकार द्वारा इस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

–2–

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>26.08.2019 | *12. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में समग्र शिक्षा अभियान लागू है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि कक्षा 01 से 12 तक के बच्चों के उक्त अभियान के तहत 2017 में अभी तक विभिन्न मदों में कितनी धनराशि व्यय की गयी है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त अभियान के तहत संकुल समन्वयक व ब्लाक समन्वयक रखे जाने का प्राविधान है? यदि हां, तो सरकार ने अभी तक प्रदेश में उक्त अभियान के तहत रखे जाने वाले कार्मिकों के बारे में क्या कार्यवाही की है? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>05.08.2019 | 1. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के ओखलकाण्डा ब्लॉक के पतलोट में राजकीय महाविद्यालय खोला गया है? रा0म0विद्यालय, पतलोट 3 सालों से रा0इ0का0, पतलोट के 2 कक्षों में चल रहा है जिस कारण छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार द्वारा भवन निर्माण के लिए ऐजेन्सी बना दी गयी है? यदि हां, तो सरकार उक्त महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए धन अवमुक्त कब तक करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>05.08.2019 | 2. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के ओखलकाण्डा ब्लॉक में रा0जू0हाईस्कूल, पश्यां का 2006 में हाईस्कूल में उच्चीकरण हुआ तथा 2014 में हाईस्कूल से इन्टरमीडिएट में उच्चीकृत हुआ, किन्तु 13 सालों से हाईस्कूल की व 5 सालों से इन्टर की कक्षायें, जू0हा0, पश्यां के कक्षा–कक्षों में चल रही है, जिस कारण छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में परेशानियां हो रही है ? सरकार रा0इ0का0 पश्यां का भवन निर्माण कब तक करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>05.08.2019 | 3. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल की ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार मिनी स्टेडियम का निर्माण करेगी ? यदि हां तो, कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |

–3–

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>05.08.2019 | 4. क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत है कि प्रदेश में होने वाले पंचायतों के चुनाव में ब्लाक प्रमुखों एवं जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव धनबल से प्रभावित होता है? यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश में होने वाले आगामी पंचायती चुनाव में नगर निगमों की भाँति ब्लाक प्रमुखों एवं जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव सीधे आम जनता से कराए जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो क्या सरकार इसके लिए नियमावली में परिवर्तन करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायतीराज |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>06.08.2019 | 5. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में सर्व शिक्षा अभियान की योजना लागू है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत राज्य को वित्तीय वर्ष 2018–2019 में कुल कितना बजट अवमुक्त है ? क्या यह भी सत्य है कि सर्व शिक्षा अभियान | शिक्षा |

के तहत विद्यालयों के भवन निर्माण पर धनराशि खर्च की जाती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2018–2019 में विधान सभा क्षेत्र, भीमताल में विद्यालयों के भवन निर्माण मद में कितनी धनराशि देय है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>06.08.2019 | 6. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र, भीमताल के अन्तर्गत ओखलकाण्डा ब्लॉक के राजकीय उच्चतर मा0 विद्यालय, बड़ौन, रा0उ0मा0वि0, गौनियारों तथा रा0उ0मा0वि0, ककोड गाजा के उच्चीकरण की मांग स्थानीय नागरिकों द्वारा की जा रही है ? क्या सरकार उक्त विद्यालयों का उच्चीकरण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.08.2019 | 7. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि सरकार प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या मानक से कम होने पर ऐसे विद्यालयों को बन्द करने का कार्य कर रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक टिहरी विधान सभा क्षेत्र के कुल कितने विद्यालय बन्द किये गये है? क्या यह भी सत्य है कि बन्द विद्यालयों के अध्यापकों को निकटवर्ती विद्यालयों में समायोजित किया जाता है? यदि हां तो बन्द विद्यालय की स्थायी परिसम्पति के बारे में सरकार क्या कार्यवाही करती है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह<br>06.08.2019 | 8. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कॉलेजों में प्राचार्यों और एसोसिएट प्रोफेसर के कितने पद रिक्त हैं ? इन रिक्त पदों पर कब तक सरकार नियुक्तियां करेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |

–4–

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.08.2019 | 9. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य के शिक्षा विभाग में प्राथमिक व जूनियर स्कूलों में कार्यरत् शिक्षकों का माध्यमिक विद्यालयों में समायोजन किया गया था ? यदि हाँ तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा प्राथमिक व जूनियर स्कूल से माध्यमिक विद्यालयों में समायोजित शिक्षक/शिक्षिकाओं की संख्या कितनी है ? क्या यह भी सत्य है कि ऐसे समस्त शिक्षकों का चयन/प्रोन्नत वेतनमान का प्रकरण शासन स्तर पर लम्बित है ? यदि हाँ, तो सरकार उक्त शिक्षकों को चयन/प्रोन्नत वेतनमान कब तक दे देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.08.2019 | 10. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि प्रति वर्ष छात्र–छात्राओं के चरित्र निर्माण, व्यक्तिगत विकास के लिए प्रदेश भर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन0एस0एस0 के शिविर लगाये जाते हैं ? यदि हां, तो क्या मा0 मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन0एस0एस0 के शिविर नहीं लगाये गये हैं जो पहली बार हुआ है ? क्या सरकार इस वर्ष छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना एन0एस0एस0 के शिविर लगाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो | युवा कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| | कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.08.2019 | 11. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में संचालित कुल कितने संस्कृत विद्यालय हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि इन संस्कृत विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा संस्कृत के विद्यार्थियों को दी जा रही है ? क्या सरकार संस्कृत विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा आवश्यक रूप से दिए जाने की व्यवस्था करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृत शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.08.2019 | 12. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कक्षा छः से आठ तक की शिक्षा व्यवस्था जूनियर हाईस्कूल व इण्टर कॉलेजों में प्रारम्भिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशालयों के मध्य झूल रही है ? क्या सरकार छात्रों के व्यापक हित में जूनियर विद्यालयों के पृथक संचालन के लिए कोई प्रभावी कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.08.2019 | 13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सुपर–100 कार्यक्रम अन्तर्गत दुर्गम क्षेत्र के ग्रामीण प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के लिए 30 दिवसीय निःशुल्क कोचिंग सुविधा दो वर्ष से संचालित की गई है ? यदि हां, तो जनपद टिहरी व उत्तरकाशी के किन–किन दुर्गम ग्रामीण छात्र–छात्राओं को कहां पर यह विशेष कोचिंग सुविधा प्रदान की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

–5–

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>07.08.2019 | 14. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान समय में प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता एव एल0टी0 संवर्ग के कुल कितने पद स्वीकृत हैं? स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल कितने पदों पर तैनाती है और कुल कितने पद रिक्त चल रहे है? रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार की क्या योजना है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह<br>07.08.2019 | 15. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 10 से कम छात्र वाले विद्यालयों को बन्द किया गया है ? यदि हां, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री राजकुमार<br>07.08.2019 | 16. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत कितने रा0 इ0 कालेज, रा0 कन्या स्कूल तथा कितने हाईस्कूल है, कितने स्कूल के पास अपने भवन नहीं है? क्या सरकार भवन रहित विद्यालयों हेतु भवन निर्माण कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री चन्दन राम दास<br>07.08.2019 | 17. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी के कितने पद सृजित हैं ? उन पदों पर कितने शिक्षक कार्यरत हैं व कितने पद रिक्त चल रहे है? यदि हां तो क्या सरकार रिक्त पदों को भरने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही तो क्यो? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास<br>07.08.2019 | 18. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में कितने पद बेसिक शिक्षा में और कितने पद जूनियर हाईस्कूल में सृजित है? क्या मंत्री जी वर्तमान में जनपद में प्राईमरी पाठशाला व जूनियर हाईस्कूल में कार्यरत शिक्षा अध्यापकों का विवरण विद्यालय सहित सदन में रखे जाने का कष्ट करेंगे ? | **शिक्षा** |
| श्री चन्दन राम दास<br>07.08.2019 | 19. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद बागेश्वर में माध्यमिक विद्यालय में एल0टी0 व प्रवक्ताओं के कितने पद सृजित हैं व कितने पदों पर शिक्षक कार्यरत हैं? क्या मंत्री जी रिक्तियों की संख्या का विवरण विद्यालय वार दिये जाने का कष्ट करेंगे? | **विद्यालयी शिक्षा** |
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.08.2019 | 20. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना संचालित है? यदि हां तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त परियोजना में दुग्ध विकास विभाग की कार्य योजना क्या है तथा इसके लिए कितने बजट का प्राविधान किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों ? | **दुग्ध विकास** |

–6–

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.08.2019 | 21. क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि सरकार राज्य में किसानों को विपणन की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए फैडरेशन बनाये जाने का निर्णय लेती है? यदि हां तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सहकारिता के तहत कितने फैडरेशन बनाये गये हैं तथा उनकी वर्तमान स्थिति का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार द्वारा बनाये गये फैडरेशन को क्रियाशील पूंजी, रिवाल्विंग फण्ड दिया जाता है? यदि हां, तो क्या सरकार वर्तमान में बनाये गये फैडरेशन को क्रियाशील पूंजी देने का निर्णय कर चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सहकारिता** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.08.2019 | 22. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उत्तराखण्ड में सभी के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद् का गठन किया गया हैं? क्या सरकार बतायेगी कि परिषद् के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2017–18 में साधारण सभा तथा कार्यकारिणी समिति की कब–कब बैंठकें आयोजित की गई और क्या–क्या प्रमुख निर्णय लिये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.08.2019 | 23. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नगर क्षेत्रों में कुल कितने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं? क्या सरकार बतायेगी कि इन विद्यालयों में सामान्य, विज्ञान और गणित के कुल कितने पद स्वीकृत हैं और इन विषयों के सापेक्ष कुल कितने शिक्षक कार्यरत हैं? क्या सरकार इन विद्यालयों में रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती करायेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.08.2019 | 24. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में विकासखण्ड, थौलधार के साधन सहकारी समिति लि0, लालुरी न्याय पंचायत क्यारी का खाद बीज गोदाम तथा समिति कार्यालय क्षतिग्रस्त है? क्या यह सत्य है कि खाद–बीज गोदाम तथा समिति | **सहकारिता** |

| | | |
|---|---|---|
| | कार्यालय क्षतिग्रस्त होने से खाद–बीज तथा समिति के दस्तावेज की सुरक्षा को क्षति पहुंच रही है? यदि हॉ तो उक्त समिति भवन का पुनर्निर्माण कब तक करवा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 08.08.2019 | 25. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मिशन अन्त्योदय नियोजन प्रकिया एवं कार्ययोजना के प्रारूप शासन को प्राप्त हो चुके हैं? यदि हां, तो राज्य में जनपदवार कौन–कौन सी ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें ग्राम पंचायत विकास योजना (जी.पी.डी.पी) एवं कलस्टर प्लान तैयार कर गरीबी मुक्त घोषित किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ की गई है? यदि नही, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 08.08.2019 | 26. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय पापरा तल्ला के भवन की छत क्षतिग्रस्त है जिससे कक्षों में पानी टपक रहा है? बरसात में छात्र–छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा साथ ही अध्ययन–पठन–पाठन कार्य भी बुरी तरह प्रभावित होगा? क्या सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालय छत की मरम्मत करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |

–7–

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 08.08.2019 | 27. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत सन् 2014 से वर्तमान तक खुले हुए इण्टर कालेज में अध्यापकों का अभाव है ? अध्यापकों का अभाव होने से उन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार छात्र छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन विद्यालयों में शीघ्रातिशीघ्र अध्यापकों की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यो? | शिक्षा |
| श्री चन्दन राम दास 08.08.2019 | 28. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग 150 बच्चों से भी अधिक जनसंख्या वाले जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत राजकीय जूनियर हाईस्कूल भगरतोला के उच्चीकरण हेतु विचार कर रहा है ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री राम सिंह कैड़ा 09.08.2019 | 29. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र में पढ़ने वाले रा0प्रा0वि0 एवं उ0प्रा0 विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था है ? कितने स्कूलों के पास अपनी पेयजल लाईन है, यदि नहीं तो उन स्कूलों में, पेयजल लाईन कब तक बनेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री राम सिंह कैड़ा 13.08.2019 | 30. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र में पड़ने वाले रा0इ0का0 एवं रा0उ0मा0 स्कूलों के कितने भवन बने हैं और कितनों के पास भवन नहीं है ? यदि हां, तो यह भवन कब तक बनेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री राम सिंह कैड़ा 13.08.2019 | 31. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ग्राम–चाकी, खुटानी, घोड़ाखाल, अल्चौना, बुड़ाधुरा, जगलिया गांव, पाण्डे गांव, नौकुचियाताल, ढुगसिल, बोहराकून, पिनसेला, पिनरौ, देवकाधुरा, मलुवाताल, भीमताल नगर पंचायत आदि सभी ग्रामों में लगभग 20 हजार लोगों की आबादी निवास करती है ? उक्त सभी ग्रामों के बच्चों को उच्च | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| | शिक्षा ग्रहण करने के लिए 20 से 30 कि.मी. तक का सफर प्रतिदिन तय करना पड़ता हैं और उक्त क्षेत्र में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है जिस कारण शिक्षा का स्तर काफी गिर रहा है? क्या सरकार भीमताल में शिक्षा के स्तर को उठाने के लिए एक डिग्री कॉलेज का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री राजकुमार<br>13.08.2019 | 32. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पुरोला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जी0जी0आई0सी0 कॉलेज खोलने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री राजकुमार<br>13.08.2019 | 33. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का करेंगे कि सरकार प्रदेश में और महाविद्यालय खोलने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कितने ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |

–8–

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>13.08.2019 | प्रथम शुक्रवार के अतारांकित 52 में स्थानान्तरित<br>34. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी गढ़वाल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ, नई टिहरी को पांवती कांठा से गूर्जरों के उपार्जित दूध के घूत्त से पंवाली काण्ठा तक रोपवे निर्माण का कार्य चल रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त रोपवे पर अभी तक कितनी धनराशि व्यय हुयी है तथा वह कब तक बनकर तैयार हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | **दुग्ध विकास** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.08.2019 | 35. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पूर्व की भांति न्याय पंचायत व्यवस्था प्रारम्भ किये जाने की दिशा में सरकार द्वारा कोई योजना विचाराधीन है ? क्या यह सत्य है कि पूर्व में न्याय पंचायत व्यवस्था में सरपंच तथा न्यायपंचायत अन्तर्गत प्रत्येक गांव पंचायत से एक सदस्य मनोनीत कर न्याय पंचायत का गठन किया जाता था और गांवों के छोटे–छोटे विवादों/झगड़ों को न्याय पंचायतें सुलझा लिया करती थी ? क्या यह सत्य है कि न्याय पंचायतों से ग्रामीणों को तुरन्त न्याय मिल जाता था और ऐसे प्रकरणों पर ग्रामीणों को सस्ता व सुलभ न्याय मिल पाता था? यदि हां, तो न्याय पंचायतों की पूर्ववर्ती व्यवस्था को प्रारम्भ किया जायेगा, यदि नहीं, तो क्यों ? | **पंचायतीराज** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.08.2019 | विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त<br>36. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में प्रतिदिन कुल कितने लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है और प्रतिदिन औसत मांग कितने लीटर है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश में उत्पादन कम और मांग अधिक होने के कारण कुन्तलों लीटर दूध बाहरी प्रदेशों से नियमित लाकर विक्रय कर रहे हैं ? क्या यह भी सत्य है कि पॉलीथीन में पैक्ड दूध स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि बाहर से आने वाले दुग्ध तथा दुग्ध उत्पाद का परीक्षण समय–समय पर किया जाता हैं ? यदि हां तो वित्तीय वर्ष 2018–19 में कितने परीक्षण किए गये और उनमें से कितने नमूने सही तथा कितने गलत पाये गये तथा गलत पाये गये नमूनों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **दुग्ध विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.08.2019 | 37. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017–18 में मेधावियों को लैपटॉप का वितरण किया जा चुका है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनपदवार मेधावियों का विद्यालयों सहित विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |



| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.08.2019 | 38. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में भौतिक सुविधा, शिक्षकों एवं कार्मिकों की मानकानुसार उपलब्धता है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश में कुल कितने ऐसे विद्यालय हैं जहां पर भौतिक सुविधा, शिक्षकों व अन्य कार्मिकों की मानकानुसार उपलब्धता नहीं हैं? ऐसे विद्यालयों में कब तक मानकानुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.08.2019 | 39. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में उच्च शिक्षा के उन्नयन हेतु संचालित योजनान्तर्गत अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रत्येक जनपद के 20–20 मेधावी छात्र–छात्राओं के लिए प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की योजना कब से संचालित है ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्तमान सत्र में जनपदवार प्रशिक्षण केन्द्र कहां–कहां पर संचालित है और उनमें कौन–कौन छात्र–छात्रा प्रशिक्षणरत है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.08.2019 | 40. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में अमृत योजना के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अध्ययनरत् बच्चों को आंचल ब्राण्ड के दूध देने की व्यवस्था की गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में प्रति बालक/बालिका को सप्ताह में कितना मिली0 दूध देने की व्यवस्था की गयी है ? क्या यह भी सत्य है कि उक्त कार्य उत्तराखण्ड राज्य डेयरी फैडरेशन द्वारा किया जा रहा है ? यदि हां, तो उक्त योजना के क्रियान्वयन का वर्तमान स्वरूप का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | दुग्ध विकास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>16.08.2019 | 41. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार अपने समस्त इण्टर कॉलेज/हाईस्कूल में प्रधानाचार्य के पदों पर नियुक्ति/पदोन्नति करने जा रही है ? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के ऐसे समस्त इण्टर कॉलेज के रिक्त पदों पर सरकार कब तक पदोन्नति कर प्रधानाचार्य की नियुक्ति करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.08.2019 | 42. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि सरकार ने प्रदेश में गरीब व मेधावी छात्र–छात्राओं को निःशुल्क लैपटॉप व स्मार्टफोन देने का निर्णय किया है ? यदि हां, तो अब तक कितने छात्र–छात्राओं को इससे लाभान्वित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| स्वामी यतीश्वरानन्द<br>16.08.2019 | 43. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि देवभूमि उत्तराखण्ड में द्वितीय राजभाषा संस्कृत के शिक्षक रोजगार ना मिलने के कारण निराश हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में संस्कृत के | |

| | | |
|---|---|---|
| | कुल कितने पद सृजित हैं और इसके सापेक्ष कुल कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें भरने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं और कब तक इन पदों को भर लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृत शिक्षा** |



| | | |
|---|---|---|
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**21.08.2019** | 44. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मध्याह्न भोजन योजना को किसी गैर सरकारी संगठन को संचालन के लिए दिए जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? क्या यह सत्य है कि प्रदेश की भोजनमाताओं के द्वारा सरकार के इस निर्णय/प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया जा रहा है ? यदि हां, तो उक्त योजना का संचालन पूर्ववत ही रखा जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| **श्री धन सिंह नेगी**<br>**21.08.2019** | 45. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में राजकीय डिग्री कॉलेजों में भवन निर्माण की व्यवस्था की जा रही है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में राज्य के कितने डिग्री कॉलेजों में अपनी भूमि व भवन की व्यवस्था है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार भवन विहीन डिग्री कॉलेजों में भूमि चिन्हीकरण के लिए निर्देश जारी कर चुकी है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि नई टिहरी डिग्री कॉलेज में भूमि व भवन की व्यवस्था हेतु सरकार विचार कर रही हैं ? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| **श्री प्रीतम सिंह**<br>**21.08.2019** | 46. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में प्राथमिक, जूनियर व माध्यमिक विद्यालयों के कितने अध्यापक किन–किन विभागों में कब से संबद्ध हैं ? यदि हां तो क्यों ? संबद्ध शिक्षकों के नाम व किस विद्यालय से कहॉ संबद्ध हैं की सूची उपलब्ध करायेगें ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**21.08.2019** | 47. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देश के प्रधानमंत्री जी का आहवान ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' को पूरा करने हेतु प्रदेश भर में कन्या महाविद्यालय का निर्माण किया जा रहा है? इसी क्रम में क्या झबरेड़ा विधान सभा में मंत्री जी ने वादा किया था कि झबरेड़ा में कन्या महाविद्यालय का निर्माण जल्दी हो, इस सम्बन्ध में आपके द्वारा जांच भी करायी गयी है जो शासन में विचाराधीन है? यदि हां तो झबरेड़ा विधान सभा में कन्या महाविद्यालय खोलने की सरकार की क्या योजना है ? यदि हां, तो कब तक यह महाविद्यालय खुल जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**21.08.2019** | 48. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार के द्वारा राज्य के गरीब व मेधावी छात्र–छात्राओं को वर्तमान में निःशुल्क लैपटॉप एवं स्मार्टफोन का वितरण जनपदवार किया गया है ? यदि हां, तो इसका विवरण क्या है ? यदि नहीं तो क्यों ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.08.2019 | 49. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान समय में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना एक चुनौती हैं? क्या यह सही है कि सीखने के परिणाम विद्यालय की समग्र शिक्षण प्रक्रिया की गुणवत्ता पर निर्भर करते हैं? यदि हां, तो विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं, नवीनतम शिक्षण सहायक सामग्री की उपलब्धता, शिक्षकों की पर्याप्त संख्या तथा उनका कौशल विकास आदि के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या कार्य किये जा रहे है? क्या सरकार बतायेगी कि प्रतिवर्ष शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार हो रहा हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.08.2019 | 50. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों में दस फीसदी आर्थिक आरक्षण पर स्थिति साफ न होने के कारण छात्र–छात्राओं के दाखिले नहीं हो पा रहे हैं ? यदि हां, तो सरकार आर्थिक रूप से पिछड़ों को दस प्रतिशत आरक्षण पर स्थिति कब तक स्पष्ट कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री धन सिंह नेगी<br>22.08.2019 | 51. क्या शिक्षा मंत्री  अवगत हैं कि राज्य में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एस0सी0ई0आर0टी0) शिक्षा की गुणवत्ता के लिए राज्य स्तरीय संस्थान स्वीकृत है ? यदि हां, तो क्या  मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के स्वीकृत ढांचे का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि जिला स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कार्यरत है? यदि हां तो क्या सरकार जिला स्तर पर कार्यरत डायट संस्थान के स्वीकृत ढांचे के सापेक्ष कार्यरत कार्मिकों का विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.08.2019 | 52. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालयों में योग विषय को पाठ्यक्रम का भाग बना दिया गया है ? क्या योग प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है एवं योग प्रशिक्षकों के चयन प्रक्रिया के क्या–क्या प्रक्रिया है ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.08.2019 | 53. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य व हेड मास्टरों के कितने पद रिक्त हैं और इन पदों को भरने में सरकार द्वारा क्या कोई कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.08.2019 | 54. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पंचायतीराज विभाग में कितने बैकलॉग के पद रिक्त हैं ? यदि हां तो उन्हें भरने की सरकार की क्या कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पंचायतीराज** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.08.2019 | 55. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विद्यालयी शिक्षा विभाग में कितने बैकलॉग के पद रिक्त हैं ? यदि हां, तो उन्हें भरने की सरकार की क्या कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **विद्यालयी शिक्षा** |

–12–

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.08.2019 | 56. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम नजरपुरा में अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यकरण, ग्राम उदलहेडी, ग्राम सैरपुरा में रविदास मंदिर के सौन्दर्यकरण करने पर | **पंचायतीराज** |

| | | |
|---|---|---|
| | विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.08.2019 | 57. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शिक्षा को स्वरोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में माध्यमिक स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा कार्यक्रम चलाये जाने पर विचार किया जा रहा हैं? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य की स्थिति का आंकलन तथा सम्भावनाओं के परीक्षणोपरान्त व्यवसायिक पाठ्यक्रमों से साथ–साथ कृषि, औद्यानिकी, फ्लोरीकल्चर तथा पर्यटन को पर्याप्त पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.08.2019 | 58. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में रा0प्रा0वि0 घराड़ा (जौनपुर) का विद्यालय भवन गतवर्षों की दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त है? क्या यह सत्य है कि विद्यालय प्रबन्धन समिति द्वारा भवन पुनर्निर्माण हेतु विभाग से कई बार अनुरोध किया जा चुका है? यदि हां, तो क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन का पुनर्निर्माण कब तक करवाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.08.2019 | 59. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परोगी (जौनपुर) मूलभूत साधनों के भारी अभाव के साथ–साथ विद्यालय कक्षा–कक्षों का भारी अभाव बना हुआ है? क्या सरकार उक्त विद्यालय में कक्षा–कक्षों का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.08.2019 | 60. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य गठन के बाद जनपद हरिद्वार में जिला पंचायत हरिद्वार द्वारा वर्षवार कितनी दुकानों का आवंटन किया गया व उक्त आंवटन में अनुसूचित जाति का आरक्षण दिया गया है अथवा नहीं? यदि आरक्षण पूरा नहीं किया गया तो सरकार द्वारा आरक्षण पूरा करने की कोई योजना हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायतीराज** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.08.2019 | 61. पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम मुण्डेल में देवबन्द मार्ग से गांव तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य, ग्राम उदरहेड़ी में मुख्य सड़क से तालाब की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **पंचायतीराज** |

–13–

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.08.2019 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>62. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे की प्रदेश में प्रतिदिन दूध का कितना उत्पादन किया जा रहा है और प्रतिदिन मांग–खपत कितनी है? क्या यह सत्य है कि उत्पादन के अपेक्षाकृत मांग/खपत अधिक होने के कारण बाहर से आने वाले दूध एफ.एस.एस.ए.आई. के तय मानकों के अनुरूप नहीं है? क्या सरकार बतायेगी कि एफ.एस.एस.ए.आई. के मानकों के अनुरूप दुग्ध तथा दुग्ध उत्पाद मनुष्य प्राणियों के लिए | **दुग्ध विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| | भारी खतरनाक है? यदि हां, तो सरकार इस पर रोक लगाने तथा तय मानकों के अनुरूप दुग्ध तथा दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए क्या प्रयास कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार** 29.08.2019 | 63. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में संचालित पाठ्यक्रमों के साथ–साथ कृषि और बागवानी विषयों की शिक्षा दिए जाने से पलायन पर कुछ कमी लायी जा सकती है? क्या सरकार कृषि और बागवानी की अनिवार्य शिक्षा दिए जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| **श्री धन सिंह नेगी** 29.08.2019 | 64. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में जूनियर विद्यालयों से शिक्षकों का समायोजन रा0उ0मा0 विद्यालय में किया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा कितने व कब–कब ऐसे शिक्षकों का समायोजन किया गया? क्या यह भी सत्य है कि ऐसे समायोजित शिक्षकों की वरीयता सूची लम्बित है? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे समस्त समायोजित शिक्षकों की वरिष्ठता सूची का निर्धारण करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल** 29.08.2019 | 65. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में कार्यरत सभी संगठनों/महिला स्वयं सहायता समूहों को दुग्ध उत्पादन योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराये जाने की योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **दुग्ध विकास** |
| **श्री देशराज कर्णवाल** 29.08.2019 | 66. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में उपनल के माध्यम से कार्यरत 1676 प्रयोगशाला सहायक एवं कार्यालय सहायकों के सुरक्षित भविष्य हेतु शिक्षा विभाग द्वारा स्थायीकरण हेतु कोई प्रयास किये जा रहे है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल** 30.08.2019 | 67. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों का माध्यमिक स्तर पर एवं माध्यमिक विघालयों का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल** 30.08.2019 | 68. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा जिला योजना तथा क्षेत्र पंचायत निधि से विजय के खेत से झबरेड़ी कला बाई पास पर सड़क निर्माण लगभग 01 किमी0 बनाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायतीराज** |

–14–

| | | |
|---|---|---|
| **श्री देशराज कर्णवाल** 02.09.2019 | 69. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश मे अति दुर्गम क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों के रहने के लिए आवास न मिलने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो सरकार द्वारा ऐसे अति दुर्गम क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों के रहने हेतु आवासीय व्यवस्था के लिए कोई नीति तैयार की जा रही है ताकि प्रदेश में पलायन रोकने के लिए शिक्षक अपने गांव न्याय पंचायत ब्लॉक स्तर पर ही नियुक्त रहे ? क्या सरकार के द्वारा कोई नीति तैयार की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल** 02.09.2019 | 70. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सहकारिता विभाग में कितने बैकलॉग के पद रिक्त हैं ? यदि हां, तो उन्हे भरने की सरकार | **सहकारिता** |

की क्या कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.09.2019 | 71. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत कन्या महाविद्यालय खोले जाने के सम्बन्ध में ग्राम डेलना में भूमि प्रस्तावित है तथा झबरेड़ा क्षेत्र की हजारों लड़कियों को लगभग 30 कि0मी0 दूर रूड़की जाना पड़ता हैं ? यदि हां, तो केन्द्र व प्रदेश सरकार के ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं'' के नारे को मूर्त रूप देने के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित भूमि पर कन्या महाविद्यालय बनाने की क्या कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.09.2019 | 72. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम रसूलपुर में पुलिया से राजकुमार के घर तक एवं ग्राम बन्दाखेड़ी में कमेलपुर से बन्दाखेड़ी तक सी0सी0 निर्माण कार्य की सरकार की कोई योजना है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायतीराज** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.09.2019 | 73. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का जनपदवार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि रिक्त पदों पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की कब तक नियुक्ति की जायेगी? अथवा नहीं? | **पंचायतीराज** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.09.2019 | 74. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज दौंक (सकलाना) जनपद टिहरी गढ़वाल में विज्ञान वर्ग के प्रवक्ता का पद सृजित न होने के कारण विद्यालय के सेवित क्षेत्र के मेधावी व इच्छुक छात्र–छात्राओं को विज्ञान वर्ग को छोड़कर कलावर्ग में जाना पड़ रहा है या अन्य विद्यालय में लगभग 10 कि0मी0 दूर जाने को विवश होना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में प्रवक्ता पद पर नियुक्ति करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

–15–

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.09.2019 | 75. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में रा0उ0मा0वि0 सारागाड तथा रा0उ0मा0वि0 भाल की माण्डे विकास खण्ड जौनपुर, जनपद टिहरी गढ़वाल में चतुर्थ श्रेणी के पद आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे जाने थे? यदि हां, तो उक्त दोनों माध्यमिक विधालयों में चतुर्थ श्रेणी के एक –एक सृजित रिक्त पदों पर नियुक्ति कब तक कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.09.2019 | 76. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय इण्टर कॉलेज, श्रीकोट, तहसील चिन्यालीसौड़, जनपद उत्तरकाशी में प्रधानाचार्य, प्रवक्ता–जीव विज्ञान, इतिहास, सहायक अध्यापक एल0टी0 संवर्ग में अंग्रेजी, भाषा (संस्कृत) तथा सामान्य के 02 पद लम्बे समय से रिक्त चल रहे हैं? क्या सरकार छात्र–छात्राओं के व्यापक हित में उपरोक्त रिक्त पदों की पूर्ति करायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.09.2019 | 77. क्या पचांयतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा कलां में मुख्यमार्ग से मैनपाल के घर तक तथा ग्राम खुण्डेवाली | |

| | | |
|---|---|---|
| | में मुख्य मार्ग से ब्रहमसिंह के मकान की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य करने हेतु कोई प्रयास किया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.09.2019 | 78. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 08 जनवरी, 2019 को जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र, झबरेड़ा में चौधरी भरत सिंह डी0ए0वी0 इण्टर कॉलेज की जमीन पर मिनी स्टेडियम बनाये जाने की घोषणा की गई थी? इस पर क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो, क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.09.2019 | 79. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि झबरेड़ा खुर्द में शमशान घाट का रास्ता एवं बारात घर की चाहर दीवारी का निर्माण कार्य किया जाना है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायतीराज |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.09.2019 | **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 08 में स्थानांतरित।**<br>80. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समस्त साहसिक खेलों का वार्षिक कलैण्डर तैयार किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.09.2019 | 81. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कृष्णानगर प्रेमनगर में गली नं0–20 में सी0सी0 सड़क निर्माण की कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायतीराज |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.09.2019 | 82. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम इब्राहिमपुर में सरकार द्वारा नेपाल के प्लॉट से मुख्य मार्ग तक रविदास मंदिर से शरण सिंह के मकान तक एवं भूमिया खेड़ा की चाहर दीवारी निर्माण हेतु कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायतीराज |

–16–

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.09.2019 | 83. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड क्रिकेट टीम में शामिल होने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही दूरदराज पर्वतीय क्षेत्रों की प्रतिभाओं का ट्रायल पर्वतीय जनपदों में किया जायेगा? क्या सरकार बतायेगी कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड पर्वतीय जनपदों में ट्रायल का आयोजन करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.09.2019 | 84. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने खिलाड़ी शूटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है? क्या यह सत्य है कि शूटिंग प्रशिक्षण के लिए शूटिंग प्रशिक्षण के लिए शूटिंग रेंज, बंदूकें तथा कोच का भारी अभाव बना हुआ है? क्या सरकार 2021 में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड से शूटिंग के लिए श्रेष्ठ खिलाड़ी तैयार कर प्रतिभाग करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.09.2019 | 85. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कतिपय विद्यालयों का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण पूर्व में किया गया था जिनमें इण्टर स्तर पर प्रवक्ता के 05 पद सृजित किये गये थे? ऐसे विद्यालयों में विज्ञान या मानविकी वर्ग का उल्लेख नहीं किया गया है। केवल प्रवक्ता के 05 पद सृजित किये गये है? क्या यह सत्य है कि कतिपय विद्यालयों द्वारा इण्टर स्तर पर विज्ञान वर्ग तथा कतिपय विद्यालयों द्वारा मानविकी वर्ग के विषय | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| | पढ़ाये जा रहे है? क्या सरकार विज्ञान/मानविकी वर्ग में प्रवक्ता के 04 पद सृजित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| **श्री चन्दन राम दास**<br>**11.09 2019** | 86. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के तहसील काफलीगैर में सात राजकीय इंटर कॉलेज हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि राजकीय इंटर कॉलेज जिले के राजकीय महाविद्यालय से लगभग पचास से साठ कि0मी0 दूरी पर स्थित है? यदि हां तो क्या सरकार सुविधाओं व दूरी के कारण काफलीगैर क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय खोलने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**11.09.2019** | 87. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार के द्वारा सहकारी साधन समितियों के माध्यम से विभिन्न आयवृद्धि करने वाली परियोजनाओं को संचालित करने का निर्णय लिया गया है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सहकारिता** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**11.09.2019** | 88. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार की दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना के तहत जनपदवार कितने उत्पादकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **दुग्ध विकास** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**12.09.2019** | 89. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में नवोदय विद्यालय खोलने की सरकार की क्या कोई योजना प्रस्तावित है? यदि नहीं, तो क्यों ? | **विद्यालयी शिक्षा** |

–17–

| | | |
|---|---|---|
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**13.09.2019** | 90. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र की ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार मिनी स्टेडियम का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **युवा कल्याण** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**13.09.2019** | 91. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल बैंकिग सुविधा के लिए पैक्सों से 1200 माइक्रो ए.टी.एम. स्थापित करने की सरकार की जो योजना थी , वह कब तक पूरी हो जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सहकारिता** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**16.09.2019** | 92. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में स्ववित्त पोषित विषयों (योग, बी0एड0) आदि को सामान्य विषय के रूप में संचालित किये जाने की योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**17.09.2019** | 93. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश सरकार के द्वारा जनपदवार विश्वविद्यालयों में निःशुल्क वाई–फाई सेवा आरम्भ कर दी गयी है? यदि हां, तो जनपदवार सूची उपलब्ध करायी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**18.09.2019** | 94. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में गंगा गाय महिला योजना के अन्तर्गत कितनी महिला दुग्ध उत्पादकों को लाभान्वित किया गया है? क्या सरकार की झबरेड़ा विधान | **दुग्ध विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| | सभा क्षेत्र में भी महिलाओं को लाभान्वित करने की कोई योजना है? यदि हां तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**19.09.2019** | 95. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम खताखेड़ी में मुख्य मार्ग से वाल्मीकी बस्ती तक सी0सी0 निर्माण एवं रविदास मंदिर में सी0सी0 सड़क निर्माण हेतु कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायतीराज** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**23.09.2019** | 96. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने इण्टरमीडिएट कॉलेज हैं, जिनमें मानविकी विषयों की स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है? यदि हां, तो स्वीकृति कब तक प्रदान की जायेगी? | **विद्यालयी शिक्षा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**26.09.2019** | 97. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार के नियन्त्रणाधीन आंचल दूध हेतु कितने संयंत्र कहां–कहां स्थापित है तथा लाभ हानि की दृष्टि से इनकी क्या स्थिति है? | **दुग्ध विकास** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**27.09.2019** | 98. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं को संविधान प्रदत्त प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार उपलब्ध करा दिये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायतीराज** |

–18–

| | | |
|---|---|---|
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**27.09.2019** | 99. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एशियन, राष्ट्रीय तथा ओलम्पिक खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकार द्वारा क्या सुविधाएं एवं प्रोत्साहन दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**30.09.2019** | 100. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों को अनुदान सूची में सम्मिलित करने हेतु नियमावली बनायी गयी है? यदि हां, तो विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के मान्यता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल व इण्टर कॉलेजों को अनुदान की सूची में सम्मिलित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

−19−